DAINIK BHASKAR, Surat, 14.12.2020
Page No. 2, Size:(20.72)cms X (15.53)cms.

परियोजना के निर्माण में 50 हजार कुशल और अर्ध कुशल कारीगरों की जरूरत

बुलेट ट्रेन कंस्ट्रक्शन संबंधी ट्रेनिंग शुरू, पहले चरण में 60 ट्रेनियों को शामिल किया गया

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

508 किमी अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना के सी -4 पैकेज के वडोदरा -सूरत -वापी के बीच 237 किमी के 46 प्रतिशत हिस्से के निर्माण का ठेका लार्सन एंड टुब्रो (एलएनटी) को मिलने के बाद सोमवार को इसके सी -6 पैकेज के वडोदरा से अहमदाबाद के बीच 88 किमी का निर्माण का ठेका भी एल एन्ड टी को दे दिया गया है। यानि गुजरात में अब अहमदाबाद से वापी के बीच एलएनटी बुलेट ट्रेन के सिविल कार्यों का निर्माण करेगी। इसको लेकर इस परियोजना से प्रभावित किसानों के परिवारों के किसी

एक सदस्य को रोजगार का भी अवसर प्राप्त हुआ है और इसके लिए नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन ने ट्रेनिंग शुरू कर दी है। सबसे पहले 60 ट्रेनियों को कंस्ट्रक्शन संबधित ट्रेनिंग शुरू कर दिया गया है। सूरत समेत 12 जिलों से होकर गुजरने वाली बुलेट ट्रेन मार्ग में एनएचएसआरसीएल के इनकम रेस्टोरेशन प्लान के तहत अब तल 156 परियोजना प्रभावित लोगों ने विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों में ट्रेनिंग हासिल किया। 35 से अधिक लोगों को 10 से 15 हजार प्रति माह वेतन मिला है। मुंबई अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के निर्माण के दौरान लगभग 50 हजार कुशल और अर्ध कुशल कारीगरों की जरूरत होगी। एनएचएसआरसीएल प्रवक्ता सुषमा गौड़ ने बताया कि इस ट्रेनिंग में हम अभी 60 ट्रेनियों को मुफ्त में कंस्ट्रक्शन स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण दे रहे हैं, जिन्हें कार्पेन्टिंग, बर्बेन्डिंग, वेल्डिंग, ब्रिक एवं ब्लॉक वॉर्क, टायलिंग, प्लंबिंग, प्लास्टरिंग, कंस्ट्रक्शन, इलेक्ट्रिकल वर्क, सॉयल टेस्टिंग इत्यादि की ट्रेनिंग दी जा रही है।